लाइनमैन दिवस

स्रोत: पी.आई.बी.

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय ने नई दिल्ली में **लाइनमैन दिवस (4 मार्च 2024)** के चौथे संस्करण पर देश के **विद्युत ऊर्जा क्षेत्र के फ्रंटलाइन श्रमिकों** को श्रद्धांजलि दिया है।

- लाइनमैन दिवस देश भर में निर्बाध विद्युत वितरण सुनिश्चित करने वाले **लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ** के समर्पण तथा सेवा के सम्मान में मनाया जाता है।
  - लाइनमैन दिवस की थीम **'सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान'** लाइनमैन की प्रतिबद्धता, बलिदान और समाज में योगदान को रेखांकित करती है।
  - इस कार्यक्रम में सुरक्षा सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान, सुरक्षा यंत्रों और उपकरणों का प्रदर्शन एवं कार्यस्थल सुरक्षा प्रोटोकॉल को सुदृढ़ करने के लिये वीडियो स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की गई।
- CEA का गठन निरस्त **विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948** के तहत किया गया है, जिसे **बाद में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70 द्वारा प्रतिस्थापित** किया गया है।
  - केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के प्राथमिक कार्यों में विद्युत प्रणालियों के **विकास एवं विनियमन के लिये नीतिगत मामलों और योजनाओं पर सलाह** प्रदान करना शामिल है।



और पढ़ें: वर्ष 2030 में भारत का विद्युत क्षेत्र

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/lineman-diwas